मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

# MTT–052

## अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

## (पी. जी. डी. टी.) (संशोधित)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2025

## एम.टी.टी.–052 : अनुवाद : प्रक्रिया और प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** (i) *भाग 'क' में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***700*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।*

(ii) *भाग 'ख' में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### भाग—क

**नोट :** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***700*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* 20×3=60

1. पुनरीक्षण से क्या अभिप्राय है ? पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए। 20



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

2. 'रूपांतरण' के अर्थ और व्याप्ति से सम्बन्धित विभिन्न आयामों का वर्णन कीजिए। 20

3. निम्नलिखित पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 10×2=20

(क) सारानुवाद और भावानुवाद : समानताएँ और अंतर

(ख) कंप्यूटर के अनुप्रयोग

4. पारिभाषिक शब्दावली निर्माण की विभिन्न युक्तियों/तकनीकों की चर्चा कीजिए। 20

5. निम्नलिखित पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 10×2=20

(क) अनुवाद मूल्यांकन के आधार

(ख) शब्दानुवाद में भ्रामक मित्रों से बचना

**भाग—ख**

6. निम्नलिखित शब्दों को हिंदी वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करके लिखिए : 5

(i) गिलौरी

(ii) गिड़गिड़ाना

(iii) गुरिल्ला



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(iv) गाँठ

(v) गतिमान

(vi) गुंजायमान

(vii) गजेटियर

(viii) गर्वित

(ix) गंतव्य

(x) गँवारू

7. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** का रोमन/देवनागरी में लिप्यंतरण कीजिए : 5

(i) राष्ट्रीयता

(ii) नीदरलैंड

(iii) प्रयुक्तियाँ

(iv) सक्षम

(v) butcher

(vi) conquer

(vii) diligence

(viii) environment



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

8. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

Every person needs some rights to lead a respectable life in the society. The rights used by the person are called 'Human Rights'. By the term 'human rights' we mean (in the general sense) that a person, irrespective of their gender, class or caste, belonging to any nation, state or region, following any religion, sect or community, rich or poor, must get the right for growth, protection, life with dignity at the time of their birth. In almost all the nations of the world including India, there are provisions for granting Fundamental Rights to their citizens without discrimination. In Indian Constitution, there is a provision to grant Fundamental Rights to Indian nationals. In fact, the Constitution of India has been drafted on the tenets of equality, justice (social, economic and political), dignity and equality of opportunities. In our Constitution under the provisions of Fundamental Rights and Directive Principles of State Policy, equality and freedom have been granted for all the Indians.



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

9. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

आज ऐसी असंख्य महिलाएँ हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपने व्यक्तिव को विकसित करते हुए उसमें गुणात्मक परिवर्तन ला रही हैं। वे स्वयं को भूमिका–मॉडल के रूप में स्थापित करके व्यावहारिक ज्ञान और शिक्षा का प्रचार करते हुए देश–समाज को सुदृढ़ बना रही हैं। इस संदर्भ में 'क्रेन बेदी' के नाम से प्रसिद्ध रह चुकीं भारत की प्रथम महिला पुलिस अधिकारी (आई. पी. एस.) सुश्री किरण बेदी का नाम विशेष तौर पर उल्लेखनीय है। विभिन्न विभागों और विभिन्न पदों पर कार्यरत रहीं सुश्री बेदी 1993 में दिल्ली की जेलों की महानिरीक्षक नियुक्त की गई थीं। उन्होंने शिक्षा के प्रचार–प्रचार को सही दिशा देते हुए जेल को सुधार–गृह का रूप दे डाला। इसका सकारात्मक परिणाम यह निकला कि जेल के निरक्षर कैदियों ने पढ़ना–लिखना शुरू किया और कुछ कैदी उच्च शिक्षा भी प्राप्त करने लगे। वास्तव में अपने दूरगामी एवं समाज की दृष्टि से सार्थक प्रयासों के द्वारा उन्होंने समाज के एक ऐसे वर्ग में शिक्षा का सराहनीय प्रचार एवं विस्तार किया जिसे हेय दृष्टि से देखा जाता था।



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

10. नीचे दिए गए मूल अंग्रेजी पाठ और उसके हिंदी अनुवाद को सावधानी से पढ़िए और अनूदित पाठ का पुनरीक्षण कीजिए : 10

**मूल** : Terry Gou, the founder of major Apple supplier Foxconn, resigned as a company board member, the Taiwanese company said on Saturday, less than a week after announcing a bid to be the island's next president. After months of speculation. Gou, who stepped down as Foxconn's chairman in 2019, announced on Monday he would stand as an independent candidate in the presidential elections to be held in January. In a brief statement, Foxconn said Gou had resigned due to 'personal reasons', and noted he had "officially handed over leadership of the group to a professional manager four years ago". Gou's campaign team declined to comment. Asked on Monday about the issue of conflict of interest with Gou being a major shareholder of Foxconn, which as massive



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

investment in China, Gou said he's willing to 'sacrifice' his personal assets in case of a Chinese attack. He also said, "I have never been under the control of the People's Republic of China..... I don't follow their instructions."

**अनुवाद :** टैरी गौ, प्रमुख सेब भेजने वाले फॉक्सकोन के स्थापक, ने कम्पनी के बोर्ड के सदस्य के तौर पर शनिवार को इस्तीफा दे दिया। यह ताइवान की कम्पनी ने कहा, द्वीप के अगले राष्ट्रपति बनने के लिए बोली की घोषणा करने के एक हफ्ते से भी कम समय के बाद। 2019 में महीनों की जुआबाजी होने के बाद, गौर के फॉक्सकोन के अध्यक्ष पद से नीचे उतरने की सोमवार को घोषणा की और घोषणा करते हुए यह कहा कि जनवरी में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। एक लघु विवरण ब्यान में, गौ ने फॉक्सकॉन ने कहा कि 'निजी कारणों' के कारण त्यागपत्र दिया था, और कहा कि उन्होंने 'सरकारी तरीके से चार साल पहले समूह के नेता एक पेशा करने वाले व्यवस्थापक को दे



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

दिया था।' गौ की अभियान दल ने टिप्पणी कर मना किया। चीन में बड़े पैमाने पर निवेश करने वाले गौ के साथ हितों को टकराने की स्थिति को स्पष्ट करते हुए गौ ने कहा कि वह सोमवार को चीनी हमले में अपनी व्यक्तिगत संपदा का 'बलिदान' करना चाहते हैं। उन्होंने कहा यह भी कि 'मैं कभी भी चीन के लोकतांत्रिक गणराज्य में नहीं रहा...... मैं उनके अनुदेशों की पालना करता नहीं।'

× × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com